Office of the Admission
2nd Floor, Maitri Bhawan
Email:luadmission2026@gmail.com

# LURNS Registration की प्रक्रिया (सत्र 2026–27)

लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीय प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत समर्थ पोर्टल के माध्यम से सत्र 2026–27 के पंजीकरण (LURNS) एवं स्नातक पाठ्यक्रमों (UG PROGAMMES) के लिए ऑनलाइन प्रवेश आवेदन फार्म (Online Admission Application Form) का प्रारम्भ दिनांक 17 अप्रैल 2026 को कर दिया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध सहयुक्त महाविद्यालयों में जिन विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना है वे निम्न प्रक्रिया के अनुसार अपना अनिवार्य रूप से पंजीकरण (LURNS) करा लें। पंजीकरण शुल्क पूर्व की भांति रुपये 100/– है।

1. लखनऊ विश्विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट lkouniv.ac.in पर जाएं |
2. वेबसाइट के POP UP अथवा Admission पेज के दिए हुए लिंक LURNS पर क्लिक करें https://lkounivadm.samarth.edu.in
3. रजिस्ट्रेशन के पेज पर दाहिने अंकित New Registration पर क्लिक करके अपना login ID बनाएं। बनाए गए login ID को नोट करके रखें। इसके लिए अभ्यर्थी अपना एक वैध email ID पहले से अनिवार्य रूप से बना कर रखें क्योंकि OTP उसी ईमेल पर भेजा जाएगा जिसको दर्ज करके ही प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।
4. रजिस्ट्रेशन अर्थात् लॉगिन ID बनाने के बाद दोबारा उसी पेज के दाहिने अंकित Login पर क्लिक करके अपना पूर्ण विवरण (नाम, पिता का नाम, माता का नाम इत्यादि सूचनाएं) अंकित करके अपनी PROFILE पूर्ण करें ।
5. PROFILE पूर्ण करने के उपरांत Rs 100/- का भुगतान दिए हुए payment gateway के माध्यम से करें, **खाते से पेमेंट कट जाने और Successful न होने की स्थित पर 48 घण्टे तक दोबारा पेमेंट न करे।** भुगतान के प्रक्रिया पूर्ण होते ही अभ्यर्थी का पंजीकरण (LURNS) generate हो जाएगा। जिसे अभ्यर्थी नोट कर लें।
6. अभ्यर्थी अपने पंजीकरण (LURNS) का प्रिंट (Print Form) पर क्लिक करके कभी भी प्राप्त कर सकते है।
7. लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध सहयुक्त महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पंजीकरण (LURNS) अनिवार्य है। अतः अभ्यर्थी इसका प्रिंट अवश्य रखें।